हिन्दुस्तान

# पटना: नकली पाइप फैक्ट्री का भंडाफोड़, बड़ी कंपनियों को ऐसे लगाया जाता है चूना

हिन्दुस्तान प्रतिनिधि,पटनाSudhir Kumar Tue, 14 Dec 2021 11:12 AM



पटना में नकली पाइफ बनाकर बेचने और बड़े ब्रांड के नाम पर उगाही के धंधे का खुलासा हुआ है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक प्लास्टिक पाइप की फैक्ट्री में छापेमारी की तो नकल के इस धंधे का भंडाफोड़ किया गया। मौके पर टीम ने लाखों रुपए का तैयार माल और अन्य सामान जब्त किया है।

छापेमारी टीम के पहुंचते हड़कंप मच गया और फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मी और संचालक मौके से फरार हो गए। मालसलामी थाना क्षेत्र के दमराही घाट स्थित प्लास्टिक फैक्ट्री में मुंबई की ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली पाइप तैयार किया जा रहा था। जिसे प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा आसपास के राज्यों में बेचा जा रहा था। कंपनी के अधिकारियों को इसकी भनक लग गयी थी। गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को कंपनी के अधिकारियों के साथ मालसलामी पुलिस ने फैक्ट्री में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही कर्मी काम छोड़कर फैक्ट्री से फरार हो गए।

ब्रांडेड कंपनी के प्रतिनिधि ऋषि कुलश्रेष्ठ ने कहा कि फैक्ट्री में ब्रांडेड कंपनी के मिलते जुलते नाम से नकली पाइप का निर्माण किया जा रहा था। इससे उपभोक्ता ठगी के शिकार हो रहे थे और सरकार को राजस्व की भी क्षति हो रही थी। कंपनी को इसकी सूचना लगातार मिल रही थी। इसके आधार पर सोमवार को पुलिस ने छापेमारी कर नकल के धंधे का भंडाफोड़ किया। फैक्ट्री संचालक पर कॉपीराइट एक्ट समेत अन्य मामलों में केस किया जाएगा। बरामद नकली पाइप के कीमत का आकलन किया जा रहा है।

मालसलामी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि फैक्ट्री के संचालक के खिलाफ कंपनी के अधिकारियों के बयान पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है। कागजातों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://www.livehindustan.com/bihar/story-duplicate-pipe-factory-unearthed-at-patna-operators-absconded-before-raid-5323540.html